मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 243 ■ बुधवार 24 दिसंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
विकास जरूरी लेकिन किसी पर अन्याय नहीं

प्रभाग निहाय विश्लेषण...

## पैनल-2 भाजपा मुक्त होगा?






### ■ खराब सड़कें, पानी की किल्लत मुख्य समस्या

| पैनल 2 | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 23,186 |
| पुरुष मतदाता | 11,880 |
| महिला मतदाता | 11,304 |

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है। मनपा क्षेत्र में कुल 78 वार्डों के 20 पैनल बनाए गए हैं। सभी पैनल कई समस्याओं से ग्रस्त जिसमें हर पैनल में प्रमुख समस्या खराब सड़कें, पानी की किल्लत, साफ सफाई कचरे की समस्या, धोकादायक इमारतों का मुद्दा, ट्रैफिक, अवैध निर्माण समस्या जैसे मूलभूत सुविधा से शहर वंचित है और इन्हीं प्रमुख मुद्दों पर चुनाव प्रचार देखने को मिलेगा। ऐसे में हमने सभी पैनलों का विश्लेषण संक्षिप्त में किया है और यहां लोगों को पूर्व नगरसेवक ही चाहिए या कोई नया युवा नेता।

उल्हासनगर-1 स्थित इस पैनल में चार वार्डों का समावेश हैं जिसमें मुकुंद नगर, उल्हासनगर-1 पुलिस लाईन, महाराष्ट्र मित्र मंडल, शिव रोड, साधुबेला स्कूल परिसर, इंदिरा नगर, सोनार गली, भाजी मार्केट, सीरू चौक, झुलेलाल मंदिर परिसर, एसईएस गर्ल्स स्कूल, चरणदास चौक, गौतम नगर, हिन्दुस्तान साडी, ठाकुर फोटो स्टूडियो, ढोलूराम दरबार, बेवस चौक रोड आदि का समावेश है। 2017 के चुनाव में यहां अ) हरेश जग्यासी- भाजपा ब) मीना लबाना- भाजपा क) पंचम कालानी- भाजपा ड) जमनु पुरस्वानी - भाजपा के नगरसेवक रह चुके हैं। इस पैनल पर पूरी तरह भाजपा का कब्जा है। अब नए आरक्षण में यहां ओबीसी, जनरल महिला, जनरल महिला व एक जनरल सीट है।

इस पैनल में सिंधी समाज व मराठी समाज के ज्यादातर मतदाता रहते हैं। इस पैनल में भाजपा नेता जमनू पुरस्वानी का वर्चस्व रहा है जो अब भाजपा को छोड़ शिवसेना में गए हैं। भाजपा को मुक्त करने का उन्होंने निर्णय लिया है। भाजपा की तरफ से मीना अजित लबाना तीन नए लोगों के साथ पैनल बनाकर मैदान में उतर रही है वहीं जमनू पुरस्वानी अपने परिवार के सदस्य के साथ व दो अन्य के साथ मैदान में उतरेंगे। यहां भाजपा व शिवसेना-टीओके में ही देखने को मिलेगी। लेकिन कई अन्य पार्टी भी अपने उम्मीदवार यहां उतारेगी। समाजसेवी कुमार चैनानी भी शिवसेना-भाजपा को झटका देने के लिए पैनल तैयार किया हुआ है। वो इस बार पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ने जा रहे हैं। अब वो राकांपा से चुनाव लड़ेंगे या किसी अन्य पार्टी से यह तय नहीं हुआ है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यहां भी नए चेहरों की डिमांड है।

# मनपा चुनाव में 4.39 लाख वोटर करेंगे मतदान

**4,39,912**
**कुल मतदाता**

- 20 प्रभाग, वार्ड 78
- वार्ड नंबर 3 सबसे बड़ा वार्ड बन
- वार्ड नंबर 4 सबसे छोटा वार्ड




**उल्हासनगर.** 9 साल के लंबे इंतज़ार के बाद होने वाले उल्हासनगर मनपा चुनाव के लिए प्रशासन ने आखिरकार फाइनल वोटर लिस्ट की घोषणा कर दी है. हर वार्ड में वोटरों की संख्या साफ होते ही, इच्छुक उम्मीदवारों समेत सभी राजनीतिक पार्टियों की रणनीति तय करने की भागदौड़ शुरू हो गई है. यह चुनाव 4 लाख 39 हज़ार 912 वोटरों की भागीदारी के साथ होगा, और फाइनल आंकड़ों पर सबका ध्यान गया है क्योंकि ड्राफ्ट लिस्ट से 1 हज़ार 119 वोटरों को बाहर रखा गया है.

शहर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी गई है. इसके मुताबिक, मनपा क्षेत्र के 20 प्रभागों में कुल 4,39,912 वोटर शामिल हैं. प्रशासन ने हाल ही में आम चुनाव की घोषणा के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 4,41,031 वोटरों को रजिस्टर किया था. जांच के बाद 1,119 वोटरों के नाम बाहर कर दिए गए। चुनाव के लिए इसी फाइनल लिस्ट को माना जाएगा।

वोटरों की संख्या के हिसाब से वार्ड नंबर 3 शहर का सबसे बड़ा वार्ड बन गया है। यहां 28 हजार 622 वोटर हैं। वार्ड नंबर 4 सबसे छोटा वार्ड है। यहां 16 लाख 241 वोटर रजिस्टर्ड हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टियों का खास ध्यान इन दोनों वार्डों पर है। मनपा में कुल 78 नगरसेवक चुने जाएंगे। इसके लिए 20 प्रभागों में वोटिंग होगी। इनमें से 18 प्रभाग चार वार्ड वाले होंगे, जबकि प्रभाग नंबर 9 और 20 3 वार्डों वाले होंगे।

### महिलाओं के लिए 39 सीटें आरक्षित

खास बात यह है कि इस चुनाव में महिलाओं के लिए 39 सीटें रिजर्व हैं, जो महिला लीडरशिप की अहम भूमिका को दिखाता है। प्रशासन की शुरुआती लिस्ट में बताया गया था कि मनपा चुनाव के लिए शहर में संभावित वोटरों की संख्या 14,731 है। इसलिए वोटिंग के दिन प्रशासन के सामने सख्त प्लानिंग की बड़ी चुनौती होगी। कुल मिलाकर, फाइनल वोटर लिस्ट की घोषणा होते ही राजनीति में तेज़ी आ गई है। पूरे शहर की नज़र इस बात पर है कि 4 लाख से ज़्यादा वोटरों के वोट किस पार्टी को मिलेंगे। ऐसा 9 साल बाद हो रहा है और इस दौरान तीन बार वार्ड रिजर्वेशन प्रोसेस किया गया। एक बार तो रिजर्वेशन प्रोसेस में गलती की वजह से पूरा प्रोसेस दोबारा लागू करना पड़ा।

### एक ही दिन में बिके रिकार्ड तोड़ 441 नामांकन पत्र

15 जनवरी 2026 को होने जा रहे उल्हासनगर मनपा के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 23 से 30 दिसंबर 2025 तक रखी गई है। मंगलवार 23 दिसंबर को किसी भी उम्मीदवार ने फार्म दाखिल नहीं किया है लेकिन एक ही दिन में रिकार्ड तोड़ 441 फॉर्म बेचे गए हैं। कुल 6 निवडणूक अधिकारियों ने यह फार्म बेचे गए हैं। ज्ञात हो कि 78 वार्डों में चुनाव होने जा रहे हैं।

## राकांपा के पास उमड़ी इच्छुक उम्मीदवारों की भीड़


### 116 लोगों ने दिया साक्षात्कार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा का चुनाव आगामी 15 जनवरी को होने जा रहा है। ऐसे में राकांपा ने चुनाव की तैयारियां जोरों पर शुरू कर दी है। पिछले कुछ दिनों से भाजपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री की अध्यक्षता में उल्हासनगर मनपा क्षेत्र के सभी पैनलों से इच्छुक उम्मीदवारों ने साक्षात्कार दिया। करीब 116 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। जिनमें महिलाएं और युवाओं की रुचि ज्यादा दिखी। राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री ने कहा कि पिछले करीब 9 साल से शहर में चुनाव नहीं हुए हैं जिस कारण कार्यकर्ताओं में चुनाव लड़ने हेतु उत्साह है। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने वार्ड में जो कार्य किए हैं वो हमें साक्षात्कार के दौरान पता चले हैं। पैनल 1 से 20 तक सभी पैनलों के वार्डों से इच्छुकों ने चुनाव में अपनी रुचि दिखाई है। राकांपा ने इस बार युवा व पढ़े लिखे समाजसेवी कार्यकर्ताओं को मौका दे रही है जो शहर विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और निस्वार्थ कार्य करते हैं। साक्षात्कार के दौरान अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने भी राकांपा से चुनाव लड़ने की इच्छुकता दिखाई है। हर समाज से हर वर्ग के कार्यकर्ताओं ने जो राकांपा में विश्वास जताया है वो आगामी चुनाव के दौरान सक्षम कार्यकर्ताओं को टिकट देकर उन्हें मौका देंगे।

## मनपा चुनाव के लिए प्रशासन तैयार

### ■ रिव्यू मीटिंग में लिए गए ज़रूरी फ़ैसले



◆ वोटिंग प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए सभी संबंधित ऑफिस में इलेक्ट्रिकल सिस्टम और लगातार बिजली सप्लाई के साथ-साथ GPS और CCTV सिस्टम लगाने का फैसला किया गया। पोलिंग अधिकारियों और कर्मचारियों की प्लान्ड ट्रेनिंग, पोलिंग स्टेशनों पर बिजली, पानी, टॉयलेट, रैंप वगैरह जैसी बेसिक सुविधाओं की उपलब्धता पर खास ज़ोर दिया गया। इसके अलावा, दिव्यांगों और सीनियर सिटिजन के लिए ज़रूरी सुविधाओं, सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट प्लानिंग, और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम को दुरुस्त रखने पर डिटेल में चर्चा हुई।

**उल्हासनगर.** महानगर पालिका चुनाव को देखते हुए, प्रशासन ने कमर कस ली है और निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित चुनाव प्रक्रिया कराने के लिए विस्तृत प्लानिंग शुरू कर दी है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले के मार्गदर्शन में स्टैंडिंग कमेटी हॉल में एक कोऑर्डिनेशन मीटिंग हुई। इस मीटिंग में चुनाव प्रक्रिया के हर स्टेज पर कड़ी तैयारी करने के साफ़ निर्देश दिए गए।

चुनाव की तैयारियों के हिसाब से स्टैंडिंग कमेटी हॉल में एक पूरी कोऑर्डिनेशन मीटिंग हुई। मीटिंग में चुनाव निर्णय अधिकारी, पुलिस विभाग के सीनियर अधिकारी, वार्ड कमेटियों के असिस्टेंट कमिश्नर और अलग-अलग डिपार्टमेंट के हेड शामिल हुए। इस मीटिंग में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कई ज़रूरी मुद्दों पर डिटेल में चर्चा हुई।

खास तौर पर, SST के काम करने के तरीकों के साथ-साथ सिंगल विंडो स्कीम को असरदार तरीके से लागू करने पर चर्चा हुई। इस बात पर ज़ोर दिया गया कि कैंपेन मीटिंग, जुलूस और दूसरे चुनाव प्रोग्राम की इजाज़त देने का प्रोसेस आसान, पारदर्शी और समय पर पूरा हो। चुनाव प्रक्रिया के सेंसिटिव पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था और सुरक्षा के साथ-साथ चुनाव ऑफिस के लिए ज़रूरी कंप्यूटर, फर्नीचर और सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## अंबरनाथ में नकली सोना देकर 5 लाख की धोखाधड़ी

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व पालेगांव दर्गा के पास 2 महिला, 2 पुरुषों ने मिलकर 2 लोगों से पांच लाख रुपए लेकर नकली सोना देकर फरार हो गए हैं. हमें पोकलेन खोदकाम करते समय जमीन में से सोने से भरा मटका मिला है, ये तुम ले लो कहकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई है. ये घटना 14 नवंबर से 18 नवंबर के बीच दिनदहाड़े हुई है. शिवाजी नगर पुलिस में सुरेश शंकर सूर्यवंशी (36) ने शिकायत पंजीकृत कराया है कि उनसे एक 63 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति, 40-45 वर्षीय महिला, 20 वर्षीय युवत, एक 25 वर्षीय मोहन नाम का लड़का उन्हें पालेगांव दर्गा, आनंद सागर के पास मिले. उना मित्र भी साथ था. चारों ने उनको बताया कि हम लोग पोकलेन से जमीन का खोदकाम कर रहे थे, तो उन्हें सोने का मटका मिला है, वह तुम लोग ले लो. ये कहकर शंकर से 4 लाख रुपए और उनके मित्र प्रदीप गुप्ता से एक लाख रुपए कुल 5 लाख रुपए नकद लेकर नकली सोना को असली बताकर उनके साथ धोखाधड़ी की है. ये घटनाक्रम पांच दिनों तक चला. पहले दोनों को भरोसे में लेकर नकली सोना देकर 5 लाख रुपए लेकर चारों चले गए. पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है. चारों आरोपियों की तलाश जारी है. आरोपी मोहन (25) डोंबिवली का निवासी है. शंकर ने पुलिस को 2 मोबाइल नंबर दिए हैं, जो कि मध्यप्रदेश का बताया गया है. सहायक पुलिस निरीक्षक कोल्हे मामले की जांच कर रहे हैं.

प्रभाग निहाय विश्लेषण...

## पैनल 3 में होगा परिवर्तन?




### ■ समस्याओं से ग्रस्त है पैनल

| पैनल 3 | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 27,426 |
| पुरुष मतदाता | 14,794 |
| महिला मतदाता | 12,567 |

उल्हासनगर. उल्हासनगर महानगरपालिका का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है। मनपा क्षेत्र में कुल 78 वार्डों के 20 पैनल बनाए गए हैं। सभी पैनल कई समस्याओं से ग्रस्त जिसमें हर पैनल में प्रमुख समस्या खराब सड़कें, पानी की किल्लत, साफ सफाई कचरे की समस्या, धोकादायक इमारतों का मुद्दा, ट्रैफिक, अवैध निर्माण समस्या जैसे मूलभूत सुविधा से शहर वंचित है और इन्हीं प्रमुख मुद्दों पर चुनाव प्रचार देखने को मिलेगा। ऐसे में हमने सभी पैनलों का विश्लेषण संक्षिप्त में किया है और यहां लोगों को पूर्व नगरसेवक ही चाहिए या कोई नया युवा नेता।



उल्हासनगर-1 स्थित इस पैनल में चार वार्डों का समावेश हैं जिसमें गुलशन नगर अमर डाय रोड, सेंचुरी कालोनी, राजीव गांधी नगर, चरणदास चौक परिसर, भोलेनाथ टावर, ए ब्लाक, हीरा पन्ना अपार्टमेंट, उल्हासनगर-1 पोस्ट आफीस परिसर, सी ब्लॉक, सेंचुरी ग्राऊंड, स्कूल नं. 17, कालानी कालेज परिसर, भीम नगर, शिवाजी नगर, संगम कालोनी, वाल्मीक नगर, सचखंड दरबार, शिव रोड, महात्मा फुले नगर परिसर, सचदेव नगर, ईएमटी कंपनी, शहाड फाटक, उर्दू स्कूल, गोल मैदान के पास पूनम व आराधना अपार्टमेंट का समावेश है। 2017 के चुनाव में यहां अ) आशा बिराडे- भाजपा ब) रवींद्र बागुल- भाजपा क) चरणजीत कौर भुल्लर- शिवसेना ड) राजेंद्रसिंग भुल्लर महाराज - शिवसेना के नगरसेवक रह चुके हैं। इस पैनल पर पूरी तरह भाजपा व सेना का कब्जा है। अब नए आरक्षण में यहां अनुसूचित जाति महिला, ओबीसी, सामान्य महिला व सामान्य है।

इस पैनल में सिंधी, मुस्लिम व मराठी समाज के ज्यादातर मतदाता रहते हैं। इस पैनल में शिवसेना नेता राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज का वर्चस्व रहा है जो शिवसेना के हैं। पिछली बार युति के दौरान दो भाजपा के दो सीट आए थे। इस बार भुल्लर महाराज के साथ उनके पुत्र भी चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। यहां क्या शिवसेना की सीट दोबारा आएगी या भाजपा अथवा अन्य पार्टी सेंधमारी करेगी। क्योंकि इस पैनल में भी काफी समस्याएं हैं जिसे पूरा नहीं किया गया है। यहां पर निर्दलीय उम्मीदवारों की भी भरमार देखने को मिल सकती है। भाजपा से मजबूती से अपना पैनल बना रही है।

## पैनल 6 से विक्की व निक्की चुनाव मैदान में उतरेंगे

- दो दिन पूर्व भाजपा में शामिल होने वालों को टिकट देना नाइंसाफी
- सालों से पक्ष का कार्य करने वालों को लॉलीपॉप





**उल्हासनगर.** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने चुनाव पूर्व ही यह घोषणा की थी कि इस बार युवा व नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। 50 प्रतिशत से ज्यादा उल्हासनगर मनपा चुनाव में युवा व नए चेहरे देखने को मिलेंगे लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि दो दिनों पूर्व अन्य पक्ष से भाजपा में आने वाले नेताओं को टिकट दिया जा रहा है और सालों से पक्ष को आगे बढ़ाने वाले युवाओं को लॉलीपॉप देकर चुप बिठाया जा रहा है। ऐसे ही उल्हासनगर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विक्की मेंघवानी और युवा नेता निक्की रागता पैनल 6 से अन्य पक्ष अथवा निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा द्वारा नए व युवा को टिकट न देने से भाजपा में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

एक तरफ कुछ वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ उसी स्थान पर युवाओं को मौका न देकर अन्य पक्ष के लोगों को पार्टी टिकट देकर चुनाव में पूरी मदद करने को भी राजी हो जाती है जबकि वर्षों से युवा अपना खून पसीना देकर उन्हीं वार्डों में कार्य कर रहे हैं और उन्हें ही दरकिनार किया जा रहा है। भाजपा की इस नीति से उनके युवा नेता ही खफा चल रहे हैं। ऐसी ही बगावत अन्य वार्डों में भी देखने को मिल रही है अगर यही हाल भाजपा का रहा तो चुनाव नतीजों में भाजपा को बड़े झटके का सामना करना पड़ेगा। भाजपा में शामिल होने वाले नए नेता चुनाव बाद वापस अपने आकाओं के पास जाने में समय भी नहीं लगाएंगे।




### जुए के अड्डे पर पुलिस की कार्रवाई

**मुरबाड.** पुलिस ने सरलगांव में बैलबाजार के पास एक शेड में चल रहे तीन पत्ती जुए के अड्डे पर छापा मारा और तीन पत्ती का जुआ खेल रहे 22 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 22,500 रुपये कैश जब्त किया।

मुरबाड पुलिस को यह कार्रवाई तब की गई जब उसे सूचना मिली कि कुछ लोग सरलगांव इलाके में गैर-कानूनी जुआ खेल रहे हैं। इस कार्रवाई में गुरुनाथ सोलसे, दुर्वास धनाजी मुरबाद, महेश पवार, भालचंद्र गोदाम्बे, मोरेश्वर किसान किरपान, संजय परशराम लाडके, केशव भोईर, विश्वनाथ मोहपे, केशव आलम, गुरुनाथ सोनारे, कैलास भांडे, विजय घुडे, हरिचंद्र बबन सासे, नामदेव देहू मोहपे, मंगल दिनकर, विलास रघुनाथ मुरबादे, विश्वास भेरे, प्रकाश पवार, संदेश रामचंद्र येवले, राजेंद्र धोंडू बांगर, मधुकर लक्ष्मण हरड़ को हिरासत में लिया गया।







## भिवंडी में पहले दिन कोई नामांकन नहीं

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा आम चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा पहले दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है.मनपा द्वारा बनाए गए 7 चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालय से कुल 496 नामांकन फार्मों की विक्री होने की जानकारी है. 23 दिसंबर से शुरू नामांकन प्रक्रिया 30 दिसंबर तक चलेगी. 31दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच के पश्चात 2 जनवरी को नाम वापसी के बाद चुनाव का महाशंख बजेगा.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास

संपादकीय

## नहीं रुक रहे तेजाब से हमले

देश भर में तेजाब से हमले की घटनाओं पर आखिर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है! जबकि खुले बाजार में तेजाब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है और इस तरह के अपराध से निपटने के लिए सख्त कानून मौजूद हैं।

बिहार में पटना जिले के मोकामा में रविवार रात एक महिला पर तेजाब से हमले की वारदात ने राज्य की कानून व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

तेजाब केवल शरीर को ही नहीं झुलसाता, बल्कि इसकी भयावहता कई बार पीड़ित की पहचान, आत्मविश्वास और सपनों को भी एक त्रासदी में बदल देती है। हमले से पीड़ित की जिंदगी पहले जैसी सामान्य नहीं हो पाती है। पीड़ित महिला के लिए तो महीनों तक चलने वाले उपचार के साथ-साथ समाज की संकीर्ण सोच का सामना करना किसी रोजमर्रा के जख्म से कम नहीं होता।

सवाल है कि आपराधिक कुंठा के शिकार लोगों की तेजाब तक आसान पहुंच कैसे संभव हो पा रही है? जाहिर है कि इसके लिए प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त खामियां ही जिम्मेदार हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2013 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर बाजार में तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस कदम के बाद तेजाब से हमले के मामलों में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इनमें फिर से वृद्धि देखी जा रही है।

राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2017 में देश भर में तेजाब से हमले के 244 मामले दर्ज हुए थे। एक अन्य रपट के अनुसार, वर्ष 2021 में ऐसे 176 मामले और 2023 में 207 वारदात दर्ज की गईं।

इसमें दोराय नहीं कि देश में तेजाब से हमलों के खिलाफ सख्त कानून बनाया गया है, मगर सवाल है कि क्या इस कानून का सख्ती से पालन हो रहा है?

क्या यह जांच एजंसियों की जिम्मेदारी नहीं है कि अवैध रूप से तेजाब की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए? कई बार तो जांच अधिकारियों की लापरवाही के कारण हमलावर न्याय के कठघरे में आने से बच जाते हैं। जब तक पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त खामियों को दुरुस्त नहीं किया जाएगा, तब तक सख्त कानून का प्रभाव भी धरातल पर कम ही नजर आएगा।

# मनरेगा की जगह जरूरी था जी राम जी



भारतीय दर्शन के अनुसार परिवर्तन ही एकमात्र स्थिरता है। प्रसिद्ध अमेरिकी राष्ट्रपति जान एफ कैनेडी का भी कथन है- 'परिवर्तन ही जीवन का नियम है। जो केवल अतीत या वर्तमान की ओर देखते हैं, वे निश्चित रूप से भविष्य में चूक जाते हैं।' तेजी से बदलते 21वीं सदी में 'यंग इंडिया' की जरूरतों, आकांक्षाओं और विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने 'विकसित भारतः जी राम जी-2025' (विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन, ग्रामीण) कानून बनाया है।


हर दीर्घकालीन नीति की 15-20 वर्षों में समीक्षा और मूल्यांकन की जरूरत होती है। इतने समय में परिवार, समाज और देश एक पूरी पीढ़ी का बदलाव देख लेता है। नई पीढ़ी कुछ नई जरूरतों एवं आकांक्षाओं के साथ आती है। वर्तमान भारतीय समाज 'मिलेनियल्स', 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' सभी को साथ लेकर चल रहा है। हम गत 15 वर्षों में पेन-पेपर की दुनिया से निकल डिजिटल युग और एआइ में प्रवेश कर चुके हैं।

समय की जरूरत के अनुरूप पुरानी दीर्घकालीन योजनाओं को नए आधुनिक परिवेश में ढालना जरूरी होता है। इन्हीं कारणों से 2005 से प्रभावी 'नरेगा' (जिसे 2009 में 'मनरेगा' कहा गया) की जगह मोदी सरकार ने 'वीबीः जी राम जी' कानून का श्रीगणेश किया। स्वाधीनता के बाद से ही जरूरत के हिसाब से विभिन्न योजनाओं के स्वरूप में बदलाव किए जाते रहे हैं।

1960 के दशक में तत्कालीन सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजनाओं की शुरुआत की और 'ग्रामीण श्रमशक्ति कार्यक्रम' लागू किए गए। समय की मांग के अनुरूप समय-समय पर विभिन्न सरकारें इनमें फेरबदल करती रहीं। परिणामस्वरूप देश में 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम', 'ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम (जवाहर रोजगार योजना, 1993)', 'संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना' और 'रोजगार आश्वासन योजना' इत्यादि लागू की गईं। 2005 में 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (नरेगा) कार्यक्रम शुरू किया गया। 2009 में इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़कर 'नरेगा' से 'मनरेगा' कर दिया गया।

नए और तेजी से बदलते आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी परिदृश्य में मनरेगा एक प्रभावी योजना के तौर पर खरी साबित नहीं हो पा रही थी। साथ ही इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा था। इसके अतिरिक्त मनरेगा एक कल्याणकारी गरीबी उन्मूलन कानून के रूप में सीमित था, जबकि आज का ग्रामीण युवा 'विकसित भारत-2047' के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है। इन्हीं सबको ध्यान में रखकर जी राम जी बिल लाया गया। जी राम जी कानून की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह कृषि चक्रों के साथ सही तालमेल और ज्यादा रोजगार की गारंटी देता है।

मनरेगा में जहां केवल 100 दिन की मजदूरी की गारंटी थी, वहीं जी राम जी में ग्रामीण परिवारों को 100 दिन के बजाय 125 दिन के रोजगार की गारंटी है। साथ ही श्रमिकों और किसानों के बीच समन्वय को ध्यान में रखते हुए फसल कटाई और बोआई के समय श्रमिकों को 60 दिनों की छुट्टी का प्रविधान है, ताकि उन्हें कृषि संबंधी रोजगार भी मिले। इससे कृषि में रोजगार को मिलाकर श्रमिक अब कुल 185 दिन रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मनरेगा की आलोचना होती थी कि यह अल्पकालीन राहत या कम टिकाऊ संपत्ति बनाने तक सीमित है। बिना पूर्व तय मानकों के कार्यक्रमों से संसाधनों का दुरुपयोग बढ़ा। इससे अपेक्षित लाभ और ग्रामीण विकास नहीं हो पाया। मनरेगा में अब तक दस लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुके हैं, लेकिन बुनियादी ढांचा दिखाई नहीं देता। इस कमी को दुरुस्त करते हुए जी राम जी कानून में टिकाऊ संपत्ति निर्माण पर जोर दिया गया है, ताकि सतत विकास हो सके। अब चार स्पष्ट श्रेणियों- जल संरक्षण, आधारभूत संरचना, आजीविका और प्राकृतिक आपदा से जुड़े कार्य तय किए गए हैं। नए कानून में 40 के बजाय 50 प्रतिशत खर्च निर्माण सामग्री पर होगा। इनका निर्णय दिल्ली में बैठे लोग नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर एक 'ग्राम समिति' कार्यक्रम तय करेगी।



प्रभु का आत्मा के लिए प्रेम अनंत है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# महंगा होता जा रहा ट्रेन का सफर,



भारतीय रेल को देश भर में कहीं आने-जाने के सबसे सुगम और अहम साधन के रूप में जाना जाता है। हर रोज लाखों लोग अपने गंतव्य तक जाने के लिए इसका सहारा लेते हैं। आए दिन सरकार गुणवत्ता के लिहाज से इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला बनाने के लिए कदम उठाने का दावा करती रहती है। मगर विचित्र यह है कि आज यात्रियों के लिए ट्रेन से सफर करना जहां एक दुस्वप्न बनता जा रहा है, वहीं सरकार जब चाहे, किराया बढ़ाने में कोई संकोच नहीं करती।

हाल ही में ट्रेन में यात्री के सामान ले जाने पर वजन की सीमा लगा देने और तय वजन से ज्यादा ले जाने पर अतिरिक्त शुल्क चुकाने के नियम लागू होने की खबर आई थी। अब भारतीय रेलवे ने छब्बीस दिसंबर से यात्री किराए में भी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। इसके तहत अब दो सौ पंद्रह किलोमीटर से ज्यादा के सफर के लिए किराया एक से दो पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा दिया गया है। देखने में यह छोटी बढ़ोतरी लगती है, लेकिन इस इजाफे से सिर्फ अगले करीब तीन महीने में ही सरकार को लगभग छह सौ करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकार कितनी सजग है। मगर शायद इस बात का ध्यान रखना कभी जरूरी नहीं समझा जाता कि इस तरह किराया बढ़ाने का औचित्य तभी साबित हो सकता है जब यात्रियों के लिए यह असुविधाजनक न हो। यह कोई छिपी हकीकत नहीं है कि पिछले कुछ समय से ट्रेन में सफर करना कई बार कितना त्रासद साबित हो रहा है। एक से दूसरे शहर या अपने घर जाने वाले लोग अगर ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो इसके लिए आरक्षित टिकट मिलना आसान नहीं रह गया है।

अगर किसी व्यक्ति को हफ्ते या एक महीने पहले आरक्षित टिकट मिल जाए, तो उसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। बहुत ज्यादा सुविधाओं वाली कुछ महंगी ट्रेनों के बरक्स साधारण डिब्बों में सफर की मुश्किल की कल्पना करना भी मुश्किल है, जहां लोग निर्जीव सामान की तरह किसी तरह मरते-जीते जाते हैं। इसके अलावा, ट्रेन में सामान की चोरी से लेकर लूटपाट जैसी घटनाओं पर लगाम लगा पाना आज भी एक चुनौती है।

फिर पिछले कुछ समय के दौरान ट्रेनों के पटरी से उतरने से लेकर अन्य स्वरूप में जिस तरह के हादसे हुए हैं, वे बताते हैं कि भारतीय रेल से कहीं जाना कितना सुरक्षित है। ऐसा लगता है कि अलग-अलग मद में पैसा बढ़ाने के लिए बजट या किसी औपचारिक मौके का इंतजार करने की परंपरा खत्म हो गई है और सरकार अपनी सुविधा के अनुसार जब जी चाहे, नया किराया तय कर देती है।

दूसरी ओर, ट्रेनों की भारी कमी और यात्रियों को ले जाने की सीमा की वजह से रेलवे स्टेशनों पर लोगों की भीड़ बताती है कि ट्रेन से सफर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के सरकारी दावे की असलियत क्या है। विडंबना यह है कि अपनी सामान्य या नियमित आय में अतिरिक्त बढ़ोतरी के लिए ट्रेन का किराया बढ़ाने या अन्य प्रत्यक्ष और परोक्ष तरीकों के जरिए यात्रियों से ज्यादा पैसा वसूलने को लेकर अति-सक्रिय रहने वाली सरकार की नजर में यात्री सुविधाएं कोई प्राथमिक सवाल नहीं हैं।

उसके लिए यह भी ध्यान रखना जरूरी नहीं है कि ज्यादा किराया चुकाने का बोझ उठाने वाले बहुत सारे आम लोगों की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई है। क्या यह एक अफसोसनाक तस्वीर नहीं है।

# मिनी पाकिस्तान बनता जा रहा है UK

**जरा हट के**



भारत में मुस्लिम जनसंख्या देख कर सभी चिंतित हैं. बांग्लादेश या किसी अन्य देश से इलीगल तरीके से देश में घुसकर ये लोग अपनी संख्या बढ़ाते जा रहे हैं. इसके बाद यहां रहते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ भी उठाते हैं और फिर मौका मिलते ही देश से गद्दारी करने का मौका भी नहीं छोड़ते. ये लोग देश के लिए अब खतरा बनते जा रहे हैं. जिस हिसाब से मुस्लिम लोगों की जनसंख्या बढ़ रही है, ये साफ़ है कि कुछ समय में ये दुनिया के ज्यादातर देशों पर बहुमत कर लेंगे.

लेकिन ये समस्या अब सिर्फ भारत की नहीं रही है. यूके में भी धीरे-धीरे अब मुसलमानों की संख्या बढ़ने लगी है. सड़कों पर इनकी संख्या अब चिंतित करती है. जिस देश में पहले मॉडर्न कपड़ों में घूमती गोरी मेम नजर आती थीं, अब वहां काले-काले बुर्के में महिलाएं नजर आ रही हैं. चाहे आप मॉल चले जायें, या किसी पब्लिक प्लेस में, आपको इनकी संख्या का अंदाजा हो जाएगा. लंदन घूमने गए एक टूरिस्ट ने वहां के सड़कों का हाल दिखाया तो लोग हैरान रह गए. 2021 यूके सेंसस के मुताबिक, ब्रिटेन की कुल आबादी 67 मिलियन है, जिसमें मुसलमान 4 मिलियन (6.5%) हैं. यह 2011 के 2.7 मिलियन (4.9%) से 44% बढ़ोतरी है. लंदन में मुस्लिम आबादी 15% है, जो सबसे ज्यादा है. मुस्लिम काउंसिल ऑफ ब्रिटेन की 2025 रिपोर्ट में कहा गया कि 2011-2021 में मुस्लिम आबादी 1.2 मिलियन बढ़ी, जो यूके की कुल ग्रोथ का 32% है. प्रोजेक्शन के अनुसार, 2100 तक मुसलमान 20% हो सकते हैं. लेकिन बहुमत (50%+) होने में अभी कई साल लगेंगे. अब सवाल ये उठता है कि आखिर इनकी आबादी क्यों बढ़ रही है? मुख्य कारण है हाई बर्थ रेट (मुस्लिम महिलाओं में औसत 2.9 बच्चे vs कुल 1.8), इमिग्रेशन (पाकिस्तान, बांग्लादेश, सोमालिया से) और कन्वर्जन. लेकिन इलीगल इमिग्रेशन यूके में कम है. ज्यादातर लोग लीगल माइग्रेंट्स हैं.

# 'चॉकलेट केक'

खाना-खजाना

### जरूरी सामग्री

- मैदा- 1.5 कप
- कोको पाउडर- 1/2 कप (अच्छी क्वालिटी का)
- चीनी- 1 कप (पिसी हुई)
- दूध- 1 कप (कमरे के तापमान पर)
- तेल या पिघला हुआ मक्खन- 1/2 कप
- क्रीम- 1/2 कप (ताजा)
- बेकिंग पाउडर- 1 छोटी चम्मच
- बेकिंग सोडा- 1/2 छोटी चम्मच
- वैनिला एसेंस- 1 छोटी चम्मच
- नमक- एक चुटकी

### बनाने की विधि

सबसे पहले एक बड़े कुकर में थोड़ा नमक फैलाएं, उसमें एक स्टैंड रखें और ढक्कन लगाकर 10 मिनट के लिए धीमी आंच पर गरम होने दें। केक टिन को तेल लगाकर चिकना करें और थोड़ा मैदा छिड़क दें। इसके बाद एक बाउल में मैदा, कोको पाउडर, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और नमक को एक साथ छान लें। छानने से केक स्पंजी बनता है। अब एक दूसरे बड़े बाउल में क्रीम और पिसी हुई चीनी को अच्छी तरह फेंटें। अब इसमें तेल



और वैनिला एसेंस मिलाएं। इसके बाद इस सूखे मिश्रण को धीरे-धीरे गीले मिश्रण में डालें। साथ ही थोड़ा-थोड़ा दूध डालते हुए मिलाएं। ध्यान रहे कि मिश्रण में गुठलियां न रहें और इसे बहुत ज्यादा न फेंटें। जब बैटर अच्छे से मिल जाए, तो इसे केक टिन में डालें। टिन को दो-तीन बार थपथपाएं ताकि हवा निकल जाए। अब इसे पहले से गरम की हुई कड़ाही या कुकर में रखें। इस बैटर को धीमी आंच पर 35-45 मिनट तक बेक करें। ध्यान रखें कि कुकर के ढक्कन की सीटी और रबड़ निकाल दें। अब एक टूथपिक डालकर देखें, अगर वह साफ बाहर आती है, तो केक तैयार है।

### सजावट के लिए

- क्रीम में कद्दूकस की हुई डार्क चॉकलेट मिलाएं और केक के ऊपर फैला दें।
- ऊपर से थोड़ी पिसी हुई चीनी स्नो इफेक्ट के लिए छिड़कें और कुछ लाल चेरी या स्प्रिंकल्स लगाएं।

# शराब नहीं पीते, फिर भी हो सकता है फैटी लिवर?

### इस बीमारी से जुड़ी 5 मिथकों से रहें सावधान

फैटी लिवर आज एक आम स्वास्थ्य समस्या बन गई है। शहरी लाइफस्टाइल, खानपान की गलत आदतें और फिजिकल एक्टिविटी की कमी के कारण यह बीमारी तेजी से फैल रही है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसका सही इलाज बेहद जरूरी है। लेकिन फैटी लिवर को लेकर लोगों में कई गलत जानकारियां भी हैं, जिनसे सतर्क रहना जरूरी है, वरना सेहत को नुकसान हो सकता है। आइए जानें क्या हैं फैटी लिवर से जुड़ी ये गलत धारणाएं।



**मिथक 1- 'फैटी लिवर केवल शराब पीने वालों को होता है'**

यह सबसे आम और खतरनाक गलतफहमी है। सच्चाई यह है कि फैटी लिवर दो तरह का होता है अल्कोहलिक और नॉन-अल्कोहलिक (NAFLD)। NAFLD उन लोगों में भी हो सकता है जो शराब बिल्कुल नहीं पीते। यह मुख्य रूप से मोटापा, इंसुलिन रेजिस्टेंस, डायबिटीज और अनहेल्दी खानपान से जुड़ा है।

**मिथक 2- 'फैटी लिवर केवल मोटे लोगों को होता है'**

हालांकि, मोटापा एक अहम रिस्क फैक्टर है, लेकिन पतले या सामान्य वजन वाले लोग भी फैटी लिवर के शिकार हो सकते हैं। खराब खान-पान, जेनेटिक कंडीशन और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याएं किसी को भी इस बीमारी की चपेट में ला सकती हैं।

**मिथक 3- 'फैटी लिवर हानिरहित है, इलाज की जरूरत नहीं'**

यह धारणा बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो फैटी लिवर धीरे-धीरे सूजन, लिवर सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर तक में बदल सकता है। समय रहते लाइफस्टाइल में बदलाव और सही देखभाल जरूरी है।

**मिथक 4- ' सिर्फ दवाइयों से फैटी लिवर ठीक हो जाता है'**

हालांकि, फैटी लिवर को ठीक करने के लिए डॉक्टर की बताई दवाएं लेना जरूरी है, लेकिन यह लाइफस्टाइल से जुड़ी एक समस्या भी है। इसलिए इसे ठीक करने के लिए सही डाइट, नियमित एक्सरसाइज, वजन नियंत्रण और शुगर व कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करना भी जरूरी है।

**मिथक 5- 'डिटॉक्स डाइट या हर्बल इलाज फैटी लिवर ठीक कर देते हैं'**

बाजार में कई डिटॉक्स डाइट और हर्बल प्रोडक्ट्स फैटी लिवर के ₹चमत्कारी इलाज₹ के रूप में बेचे जाते हैं। इनमें से ज्यादातर का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता, और कुछ तो लिवर के लिए हानिकारक भी साबित हो सकते हैं। इसलिए फैटी लिवर के इलाज के लिए डॉक्टर की बताई दवाएं ही लें।

## आज का राशिफल

**मेष** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं।

**वृषभ** : विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी का पूर्ण ध्यान रखें। रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति होगी। कानूनी विवादों का निपटारा होगा।

**मिथुन** : बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ। धन लाभ होने की भी संभावना है। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**कर्क** : मेहनत का फल मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश, यात्रा व नौकरी लाभ देंगे। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। इच्छित काम पूर्ण हो सकेंगे। स्वास्थ्य की समस्या सुलझेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**सिंह**: अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। प्रमाद न करें। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी। आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। विरोधी परास्त होंगे।

**कन्या** : यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएँगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। रिश्तेदारों से भेंट हो सकेगी। दूसरों की आलोचना, निंदा से दूर रहें। फालतू खर्च होगा।

**तुला** : क्रोध पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा। दूसरों से व्यर्थ में न उलझें।

**वृश्चिक** : लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा।

**धनु** : योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। अधूरे पड़े कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। प्रयास व सहयोग से अनुकूलता आएगी। पिता से व्यापार के विषय में मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे। सुखद यात्रा के योग हैं। रचनात्मक काम होंगे। आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। सोच-समझकर व्यय करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मीन** : प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कानूनी बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएँगे। काम के प्रति लापरवाही न करें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग व समर्थन मिलेगा। लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# लेफ्ट या राइट... आखिर क्यों हमें बिस्तर के एक ही तरफ आती है अच्छी नींद?

रात होते ही बत्तियां बुझ जाती हैं और दिन भर की थकान के बाद पति-पत्नी बिस्तर पर लेटते हैं। तभी अचानक एक छोटी-सी घरेलू 'जंग' शुरू हो जाती है- ₹अरे! यह मेरी साइड है, तुम उधर जाओ।₹ दूसरा व्यक्ति झुंझलाकर कहता है, ₹क्या फर्क पड़ता है? बिस्तर तो एक ही है!₹ लेकिन सच तो यह है कि फर्क पड़ता है। थोड़ी ही देर में खींचतान के बाद दोनों अपनी-अपनी 'तय जगह' पर वापस आ जाते हैं।



अगर यह कहानी आपको जानी-पहचानी लग रही है, तो आप अकेले नहीं हैं। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि बिस्तर की कोई खास साइड चुनना कोई तुक्का नहीं है। इसके पीछे हमारा मनोविज्ञान और गहरी आदतें छिपी हैं। आइए जानते हैं।

### सोने के तरीके और आपकी सेहत

स्टडी बताती है कि दुनिया में लगभग आधे वयस्क करवट लेकर सोना पसंद करते हैं। यह तरीका रीढ़ की हड्डी के लिए अच्छा है और इससे नींद भी कम टूटती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि किस करवट सोने का क्या असर होता है?

**दाईं करवटः** एक स्टडी के अनुसार, दाईं ओर सोने वालों को सबसे अच्छी नींद आती है। इससे प्रमुख अंगों और नसों पर कम दबाव पड़ता है।

**बाईं करवटः** अगर आपको एसिडिटी या रिफ्लक्स की समस्या है, तो बाईं ओर सोना बेहतर है क्योंकि इससे पेट, भोजन नली से नीचे रहता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह साइड अच्छी मानी जाती है।

**पीठ के बल सोनाः** जो लोग पीठ के बल सोते हैं, उनकी नींद बार-बार टूटने और खर्राटे या 'स्लीप एपनिया' का खतरा ज्यादा रहता है।

### सुरक्षा और दिमाग का खेल

बिस्तर की साइड चुनने के पीछे सिर्फ शरीर का आराम नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों से मिला डर और सुरक्षा का भाव भी है। हम अचेतन मन से सुरक्षा तलाशते हैं। कुछ लोग दीवार की तरफ सोना पसंद करते हैं क्योंकि वहां उन्हें सुरक्षित महसूस होता है। वहीं, कुछ लोग दरवाजे के पास वाली साइड चुनते हैं।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ऐसे लोग खुद को 'रक्षक' की भूमिका में देखते हैं या खतरे के समय भागने का रास्ता पास रखना चाहते हैं। जैसे हम क्लासरूम या ऑफिस में एक ही सीट पर बैठना पसंद करते हैं, वैसे ही दिमाग को बिस्तर की वही पुरानी जगह 'कंफर्ट' देती है।

### हम साइड क्यों नहीं बदल पाते?

एक बार जब 'फेवरेट साइड' तय हो जाती है, तो उसे बदलना बहुत मुश्किल होता है। इसे 'मसल्स मेमोरी' और मनोवैज्ञानिक आदत कहा जाता है। हमारा दिमाग उस खास जगह को नींद और सुरक्षा के साथ जोड़ लेता है। यही कारण है कि जब हम किसी होटल या नए घर में जाते हैं, तो साइड बदलने पर हमें अजीब बेचैनी महसूस होती है।

# गोभी में छिपे कीड़े और मिट्टी कैसे हटाएं?

असल में गोभी जमीन के काफी पास उगाई जाती है. खेत की मिट्टी, नमी और पत्तियों की परतें इसे कीड़ों के लिए एकदम सही जगह बना देती हैं. खासतौर पर सर्दियों में उगाई जाने वाली गोभी में छोटे कैटरपिलर या कीड़े मिलना आम बात है. कई बार इनमें मिट्टी के कण, धूल और स्प्रे किए गए पेस्टिसाइड्स भी चिपके रहते हैं. अगर इन्हें ठीक से साफ न किया जाए, तो खाने का स्वाद भी खराब होता है और सेहत के लिए भी ठीक नहीं रहता. इसलिए गोभी को पकाने से पहले उसकी गहरी सफाई बेहद जरूरी है.

अब बात करते हैं उस आसान किचन हैक की जो सालों से घरों में इस्तेमाल होता आ रहा है और आज भी उतना ही असरदार है. इसके लिए आपको किसी खास तैयारी की जरूरत नहीं है. जो चीजें रोज किचन में होती हैं, वही काफी हैं. सबसे पहले गोभी के ऊपर की हरी पत्तियां हटा दें और उसे मध्यम आकार के टुकड़ों में काट लें. बहुत छोटे टुकड़े न करें, ताकि सफाई के दौरान गोभी टूटे नहीं. इसके बाद एक बड़े बर्तन में गुनगुना पानी लें. पानी ज्यादा गर्म नहीं होना चाहिए, बस इतना कि हाथ आराम से सह सके.

अब इस पानी में दो बड़े चम्मच नमक और आधा छोटा चम्मच हल्दी डाल दें. अगर गोभी बहुत ज्यादा गंदी लग रही हो या आपको कीड़ों का शक हो, तो इसमें एक चम्मच सिरका भी मिला सकते हैं. नमक गंदगी



और कीड़ों को बाहर निकालने में मदद करता है. हल्दी अपने प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल गुणों की वजह से बैक्टीरिया को कम करती है. सिरका हल्की डिसइंफेक्टेंट की तरह काम करता है और अंदर जमी गंदगी को ढीला करता है.

अब गोभी के टुकड़ों को इस पानी में डाल दें और करीब पंद्रह से बीस मिनट के लिए छोड़ दें. थोड़ी देर बाद आप देखेंगे कि पानी के ऊपर छोटे छोटे कण तैरने लगेंगे. अगर गोभी में कीड़े होंगे, तो वे भी बाहर आने लगेंगे. देखने में यह थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन यही इस तरीके की सबसे बड़ी खासियत है. इससे आपको भरोसा हो जाता है कि गोभी सच में साफ हो रही है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बहन का रिश्ता टूटना बर्दाश्त न कर सका भाई, खुद को फांसी लगा दे दी जान

**रायबरेली.** रायबरेली में एक भाई अपनी बहन का रिश्ता टूटना बर्दाश्त नहीं कर सका। उसने खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपने पीछे गर्भवती पत्नी और तीन मासूम बच्चे छोड़ गया है। बताया जा रहा है कि बहन की शादी टूटने से वह मानसिक रूप से बहुत परेशान हो गया था। घटना रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के परसीपुर गांव की है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, एक महीने पहले आलोक की बहन की शादी प्रतापगढ़ जिले के संग्रामगढ़ में तय हुआ था। किन्हीं कारणों से यह रिश्ता टूट गया, जिसके बाद लेन-देन को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि बहन के होने वाले ससुरालीजन आलोक को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

### यूपी में भीषण सड़क हादसा, कोहरे से टकराईं 6 गाड़ियां, 2 की मौत और 20 घायल

**अमेठी.** यूपी के अमेठी में जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलम स्कूल के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर चार ट्रकें, कार और एक जनरथ बस की आपस में टक्कर हो गई। छह गाड़ियों का हादसा इतना भयावह था कि दो ट्रक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना लाया गया। जहां 10 घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल 10 लोगों को सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं 12 घायलों का इलाज सीएचसी मुसाफिरखाना में किया गया, जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इनमें से सात लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि तीन का इलाज अभी जारी है।

### व्हाट्सऐप कॉल से पत्नी ने प्रेमी संग मिल रची पति के कत्ल की साजिश, ऐसे की हत्या

**काकोरी.** यूपी में काकोरी के पारा के पूर्वीदीन खेड़ा में शनिवार रात राजगीर शिव प्रकाश रावत की हत्या की स्क्रिप्ट उसकी पत्नी सविता और आरोपी सतीश ने मिलकर लिखी थी। दोनों ने व्हाट्सऐप कॉल कर शिव प्रकाश को बीच से हटाने की योजना बनाई थी। पुलिस ने सोमवार को हत्यारोपी सतीश और सविता को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक सविता और सतीश के संबंधों की चर्चा आम हो चुकी थी।

शाम छह बजे सविता और सतीश की व्हाट्सऐप कॉल पर बातचीत हुई थी। तब सविता ने बताया था कि शिव प्रकाश परिवार सहित भदेसर मऊ गांव में है। यहां से वह शाम को घर पहुंच जाएगा। इसी दरम्यान दोनों ने शिव प्रकाश की हत्या की साजिश रच डाली। देर रात सतीश शराब पीकर शिव प्रकाश के घर पहुंचा था। घर से घसीटकर रॉड से पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

### किन्नर के तीन मंजिले मकान के हिस्से को विस्फोट कर उड़ाया, मलबे में तीन घायल

**चंदौली.** यूपी के चंदौली में बलुआ थाना क्षेत्र के मोहरगंज में रविवार देर रात तीन मंजिले मकान के पिछले हिस्से के पास जबरदस्त धमाका हो गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान के पिछले हिस्से की दीवार उड़ गई। अन्य दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। मकान के अंदर सो रहे एक दर्जन से अधिक किन्नरों ने बाहर भागकर जान बचाई। तीन चोटिल हुए हैं। घटना के पीछे पैसे के लेन-देन का विवाद बताया जा रहा है। मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ बलुआ थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# BJP संविधान खत्म करने की साजिश रच रही -राहुल गांधी

■ **जर्मनी दौरे पर राहुल ने कहा- ED-CBI विपक्ष के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहे**



**बर्लिन.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल ने कहा- बीजेपी संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल 17 से 19 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल ने कहा, बीजेपी राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। बीजेपी ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है।

राहुल ने कहा- लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। CBI और ED जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर रही हैं, भाजपा नेताओं पर कोई दर्ज नहीं किया जाता। हम सिर्फ बीजेपी से नहीं लड़ रहे, हम उनके भारतीय संस्थागत ढांचे और एजेंसियों पर कब्जे के खिलाफ भी लड़ रहे हैं।

### महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे -राहुल

- हमने तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीते हैं। हमने हरियाणा का चुनाव भी जीता, इसमें कोई शक नहीं है। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया कि एक ब्राजील की महिला हरियाणा की वोटर लिस्ट में थी। जब हमने यह प्रश्न चुनाव आयोग से पूछे तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। हमें लगता है कि महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे।
- हम इस समय देश और दुनिया में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। पहले भारत को अमेरिका के प्रभुत्व वाली दुनिया से फायदा हुआ, जहां अमेरिका दुनिया के नियम बनाता था, भले इसमें कुछ गलतियां थीं। अब अमेरिका की ताकत सेना, अर्थव्यवस्था और वित्त संबंधी मामलों में चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही अमेरिका के अपने अंदर भी कई समस्याएं हैं।
- एक बड़ी चुनौती यह है कि उत्पादन का काम ज्यादातर चीन के हाथ में चला गया है। इसके कारण भारत, अमेरिका या जर्मनी जैसे देश केवल सर्विस सेक्टर से बड़े पैमाने पर रोजगार नहीं पैदा कर सकते। मैन्युफैक्चरिंग और उत्पादन बहुत जरूरी हैं, लेकिन अब यह क्षेत्र चीन के पास ज्यादा है।

# वंदे मातरम के समय कुछ लोग चुप रह जाते हैं : राजा भैया



**लखनऊ.** वंदे मातरम पर यूपी विधानसभा में चर्चा के दौरान जनसत्ता दल के नेता राजा भैया ने सवाल उठाया कि आखिर किसे राष्ट्रगीत से आपत्ति है। राजा भैया ने कहा कि किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि हमारा राष्ट्रगीत विवाद में आएगा। यह किसी धर्म के विरोध में नहीं है। देश का हर सदन वंदे मातरम से ही शुरू होता है, लेकिन क्या इस सदन में कुछ सदस्य ऐसे नहीं हैं जो वंदे मातरम पर चुप रह जाते हैं या फिर लॉबी में बैठे रहते हैं। सीसीटीवी में सब कुछ दर्ज है। यह प्रमाण है, जिसे कभी भी देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं, जो खुलकर सामने आनी चाहिए। वंदे मातरम किसी एक व्यक्ति के कहने या लिखने पर राष्ट्रगीत नहीं बना था। पूरी संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत होगा और जन गण मन राष्ट्रगान होगा। उस सभा में कौन-कौन से महानुभाव थे, यह बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन आज कष्ट हुआ। वंदे मातरम पर चर्चा कोई हास-परिहास का विषय नहीं है। हम मानकर चल रहे थे कि वंदे मातरम सभी के लिए पूज्य है। बंकिम चंद्र चटर्जी ने बंगाल में इसे लिखा, लेकिन पूरे भारत ने इसे स्वीकार किया।

> राजा भैया ने कहा, 'खुदीराम बोस का जन्म बंगाल के मिदनापुर में हुआ था। उन्हें फांसी मुजफ्फरपुर बिहार में मिली थी और उनके अंतिम शब्द वंदे मातरम थे। इसी तरह मदन लाल धींगरा का पंजाब में जन्म हुआ और लंदन में फांसी की सजा मिली थी। इसी तरह शाहजहांपुर में जन्मे रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर में फांसी मिली थी। उनके भी आखिरी शब्द वंदे मातरम ही थे। हमारा कहने का उद्देश्य यह है कि वंदे भारत की व्यापकता पर तब कोई प्रश्न नहीं उठा, जब देश बड़े संकट से गुजर रहा था। किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि आगे चलकर हमारा राष्ट्रगीत विवाद में आएगा। यह किसी धर्म के विरोध में नहीं है।'

# SIR वोटर लिस्ट- MP में 42.74 लाख नाम कटे

■ **केरल-छत्तीसगढ़ की लिस्ट भी आएगी**

■ **राजस्थान-बंगाल समेत 7 राज्यों से 2.70 करोड़ नाम हट चुके**

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में SIR की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की है। इसके मुताबिक मध्य प्रदेश में 42.74 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा 8.40 लाख नाम ऐसे हैं, जिनकी मैपिंग नहीं हुई है। इनमें 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं।

EC आज ही केरल, छत्तीसगढ़ और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की ड्राफ्ट लिस्ट भी पब्लिश करेगा। छत्तीसगढ़ में भी आंकड़ा लाखों में हो सकता है। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुकी है।

इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं।

### केरल में अगले साल चुनाव, 25 लाख नाम कट सकते हैं

2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। SIR के तहत मतदाता सूची का 99% से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है।

### कांग्रेस विधायक मामन खान ने मांगी Z+ सुरक्षा

**नूंह.** हरियाणा के नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मामन खान ने अपनी जान को गंभीर खतरा होने की बात सरकार और कोर्ट में पहुंचाई है। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार और केंद्र सरकार से जेड या जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने और बिना कोर्ट की अनुमति के सुरक्षा में कोई भी कटौती नहीं करने के निर्देश देने की मांग की है। हाईकोर्ट ने केंद्र व हरियाणा सरकार को 22 जनवरी तक जवाब दायर करने का आदेश दिया है।

# कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ी राहत

■ **उन्नाव रेप केस :**

■ **हाई कोर्ट ने सजा को किया निलंबित; शर्तों पर मिलेगी बेल**



**नई दिल्ली.** 2017 के उन्नाव रेप कांड में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें मिली उम्रकैद की सजा को फिलहाल निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही सेंगर को 15 लाख रुपए के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश भी दिया है। हालांकि जेल से बाहर आने पर सेंगर पर कई तरह की शर्तें लागू रहेंगी। इसमें रेप पीड़िता के पांच किलोमीटर के दायरे में नहीं आने और दिल्ली में ही रहने की शर्त शामिल है। पीड़िता को किसी भी प्रकार से धमकी नहीं देने और अपना पासपोर्ट ट्रॉयल कोर्ट में जमा करने का भी निर्देश दिया गया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कुलदीप सिंह सेंगर ने ट्रायल कोर्ट से मिली उम्र कैद की सजा को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने मामला लंबित रहने के दौरान सजा निलंबित रखने की मांग भी की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने सेंगर को हर सोमवार को पुलिस को रिपोर्ट करने का भी आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि यदि एक भी शर्त का उल्लंघन किया जाता है तो जमानत रद्द कर दी जाएगी।

# H-1B वीजा पर नई मुसीबत

### अमेरिकी दूतावास का एक फैसला और भारत में फंस गए हजारों NRI




**वाशिंगटन.** अमेरिकी की इमिग्रेशन को लेकर सख्ती के बीच भारत के H-1B वीजा होल्डर लोगों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। अपना वर्क परमिट रिन्यू कराने भारत आए प्रवासी अब अमेरिका लौट ही नहीं पा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अमेरिका की सोशल मीडिया वेटिंग पॉलिसी की वजह से अब एच-1बी वीजा के लिए अपॉइनमेंट अगले साल के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब दिसंबर में होने वाले इंटरव्यू मार्च में होंगे। ऐसे में भारत आए बड़ी संख्या में एनआरआई अब यहीं फंस गए हैं।

वीजा रिन्यूअल में देरी की वजह से गूगल ने अपने कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचने की सलाह दी है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी दूतावास ने जिन भारतीयों के अपॉइनमेंट 15 से 26 दिसंबर के बीच तय किए थे, उनके अपॉइनमेंट बिना किसी पूर्व सूचना के ही रद्द कर दिए गए।

कई दिग्गज कंपनियों का कहना है कि इस तरह का मामला पहली बार देखा जा रहा है। यह बहुत बड़ी समस्या है और आगे का कोई पुख्ता प्लान भी नजर नहीं आ रहा है। अमेरिका में रहने वाला एक शख्स शादी में शामिल होने के लिए भारत आया था। उसे 17 और 23 दिसंबर को कॉन्सुलर अपॉइनमेंट दिया गया था। हालांकि उनका भी अपॉइनमेंट रद्द कर दिया गया। अब सवाल यह है कि कंपनियां किसी कर्मचारी का कितने दिन इंतजार करेंगी।

### असम में फिर भड़की हिंसा, आठ घायल; इंटरनेट सेवाएं ठप

**गुवाहाटी.** असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। यह तब हुआ जब प्रदर्शनकारियों के दो गुट आपस में भिड़ गए और पुलिस को उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज के साथ-साथ आंसू गैस के गोलों का सहारा लेना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ताजा हिंसा में कम से कम आठ लोगों के घायल होने की खबर है। इस झड़प और हिंसा के बाद यहां पर इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता की बहाली कायम रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# ये देश राम का है... हिंदू हत्या बंद करो...

■ **दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर विरोध प्रदर्शन**



**नई दिल्ली.** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित तौर पर भीड़ द्वारा हत्या किए जाने के बाद नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर मंगलवार को भारी विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई और कई जगह पुलिस से झड़प की खबरें भी सामने आईं।

### प्रदर्शनकारियों ने लगाए नारे- हिंदू हत्या बंद करो...

प्रदर्शनकारियों ने "भारत माता की जय", "यूनुस सरकार होश में आओ" और "हिंदू हत्या बंद करो" जैसे नारे लगाए। आक्रोशित भीड़ ने सुरक्षा बैरिकेड्स को धक्का दिया, जिससे कम से कम दो परतों के बैरिकेड टूट गए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला भी फूंका। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, "अगर आज हम आवाज़ नहीं उठाएंगे तो कल हर कोई दीपू बन जाएगा।"

### 18 दिसंबर को हुई थी दीपू की हत्या

दरअसल, बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के बालुका इलाके में 18 दिसंबर को 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित तौर पर भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि हत्या के बाद उसके शव को आग के हवाले कर दिया गया। बताया गया कि घटना कथित ईशनिंदा के आरोप से जुड़ी थी। इस घटना ने भारत समेत कई देशों में आक्रोश पैदा किया है। बांग्लादेश पुलिस ने इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है।

# दीप्ति शर्मा ने लगाई ICC रैंकिंग में आग



■ **पहली बार बनी नंबर-1; स्मृति मंधाना की बादशाहत खत्म**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने मंगलवार 23 दिसंबर को ताजा रैंकिंग जारी की है। टीम इंडिया की हरफनमौला दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार नंबर-1 का स्थान हासिल करने में कामयाब रही। दीप्ति शर्मा ने आईसीसी टी20 बॉलिंग रैंकिंग में बाजी मारी है। वहीं ताजा रैंकिंग में टीम इंडिया की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना को नुकसान हुआ है। उनके सिर से नंबर-1 वनडे बैटर का ताज छिन गया है। साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्ट ने हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर स्मृति मंधाना से गद्दी छीनी है। लौरा वोल्वाड्ट भी अपने करियर में पहली बार नंबर-1 रैंकिंग हासिल करने में कामयाब रही है।

श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में 28 साल की दीप्ति ने भले ही 1 विकेट लिया हो, मगर इस परफॉर्मेंस के दम पर वह 5 रेटिंग पॉइंट हासिल करने में कामयाब रही और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़ नंबर-1 का स्थान हासिल करने में कामयाब रही। दीप्ति के खाते में अब 737 रेटिंग है, वहीं एनाबेल 736 के साथ दूसरे पायदान पर है।

भारत की अरुंधति रेड्डी (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 36वें स्थान पर) ने भी श्रीलंका मैच के बाद T20I गेंदबाजों की रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, जबकि स्टार बैटर जेमिमा रोड्रिग्स T20I बल्लेबाजों की लेटेस्ट लिस्ट पांच पायदान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

रोड्रिग्स ने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद अर्धशतक बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता और वह T20I बल्लेबाजों की टॉप 10 लिस्ट में शामिल हो गईं, जहां वह साथी भारतीय खिलाड़ी स्मृति मंधाना (तीसरे) और शैफाली वर्मा (10वें) के साथ हैं।

# बुलडोजर ऐक्शन भी होगा

### कफ सिरप पर सपा के हंगामे को लेकर CM योगी की दो टूक



**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन में उस समय माहौल गरमा गया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कफ सिरप' के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी (सपा) को आड़े हाथों लिया। सपा विधायकों द्वारा कफ सिरप से हो रही मौतों और इसके अवैध कारोबार पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने न केवल कफ सिरप के गणित को समझाया, बल्कि स्पष्ट चेतावनी भी दे डाली कि समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। सपा से यह भी कहा कि उस समय चिल्लाना मत।

प्रश्न काल के दौरान सीएम योगी ने कफ सिरप मामले में सपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रश्न क्या है, मुद्दे क्या उठाए जा रहे हैं। पूरा अध्ययन करके आना चाहिए। माता प्रसाद की ओर इशारा करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने कोडीन के मुद्दे को उठाया है, लेकिन मैं आपकी इस मजबूरी को जान सकता हूं। जिसके बारे में एक कहावत है, चोर की दाढ़ी में तिनका। उम्र के चौथे पड़ाव में व्यक्ति सच बोलता है, लेकिन सपा उन्हें इस उम्र में भी झूठ बुलावा देती है। उन्हें सच बोलने के आदी होना चाहिए। प्रदेश में कोडीन कफ सिरप से कोई मौत नहीं हुई है। 2016 में इसके सबसे बड़े होल सेलर को सपा ने लाइसेंस दिया था। कोडीन कफ सिरप का मुद्दा था नकली दवाओं के कारण होने वाली मौतों का। समय-समय पर विभाग इसे लेकर छापेमारी और कार्रवाई करता रहा है।

उन्होंने कहा- देश के अंदर दो नमूने हैं, एक दिल्ली में और एक लखनऊ में बैठते हैं। जब देश में कोई चर्चा होती है तो तुरंत वो देश छोड़कर चले हैं। मुझे लगता है कि यही आपके बउआ के साथ भी होता है। वह देश से फिर इंग्लैंड सैर सपाटे पर चले जाएंगे और आप लोग यहां चिल्लाते रहेंगे।

### एपस्टीन फाइलों की नई खेप जारी

**वाशिंगटन.** अमेरिकी न्याय विभाग ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी जांच की नई खेप के दस्तावेज जारी किए है। इन 11,000 से अधिक फाइलों में लगभग 29,000 पेज और दर्जनों वीडियो क्लिप शामिल हैं, जिनमें कुछ जेल के अंदर फिल्माए गए हैं। इन डॉक्युमेंट्स में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम एपस्टीन के प्राइवेट जेट की फ्लाइट रिकॉर्ड में आया है। हालांकि, अधिकारियों ने ट्रंप पर किसी आपराधिक संलिप्तता का आरोप नहीं लगाया है। एपस्टीन की 2019 में न्यूयॉर्क जेल में मौत हो गई थी, जो आत्महत्या मानी जाती है।

डॉक्युमेंट्स में एक अहम ईमेल शामिल है, जो 7 जनवरी 2020 का है। इसमें कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप एपस्टीन के निजी जेट पर पहले रिपोर्ट की गई संख्या से कहीं अधिक बार यात्रा कर चुके हैं।

# भाजपा के पास 6900 करोड़, कांग्रेस के खाते में 53 करोड़



**नई दिल्ली.** दिल्ली में इस साल हुए विधानसभा चुनावों के बाद चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों द्वारा सौंपे गए वित्तीय खुलासों में देश की प्रमुख पार्टियों की आर्थिक स्थिति का बड़ा अंतर सामने आया है। इन खुलासों के मुताबिक, केंद्र और अब दिल्ली की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी (BJP) के पास 6,900 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि है। वहीं उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी और देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के पास पार्टी मुख्यालय से लेकर राज्य और जिला इकाइयों को मिलाकर मात्र 53 करोड़ रुपये की राशि है।

### BSP के पास भी भारी जमा

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, दिलचस्प तथ्य यह है कि सीमित चुनावी उपस्थिति के बावजूद बहुजन समाज पार्टी (BSP) के खातों में 580 करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि दर्ज की गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि चुनावी प्रदर्शन और पार्टी की वित्तीय स्थिति के बीच सीधा संबंध हमेशा नहीं होता।

### अन्य दलों की स्थिति

- चुनाव आयोग को सौंपे गए विवरण के अनुसार,
- आम आदमी पार्टी (AAP) की केंद्रीय इकाई के पास 9.9 करोड़ रुपये
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (CPM) के पास 4 करोड़ रुपये
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) के पास मात्र 41 लाख रुपये
- जबकि BSP के खाते में 580 करोड़ रुपये की राशि दर्ज की गई है।
- ये आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग को दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद विभिन्न दलों द्वारा दिए गए बैंक बैलेंस विवरण पर आधारित हैं।

### कांग्रेस को 2024-25 में 517 करोड़ रुपये का चंदा

इस बीच, 24 अक्टूबर को चुनाव आयोग में दाखिल योगदान विवरण (कंट्रीब्यूशन स्टेटमेंट) में कांग्रेस ने बताया कि उसे वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान 517 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ है। यह वह राशि है जो 20,000 रुपये से अधिक के व्यक्तिगत दान के रूप में मिली और जिसे कानून के तहत सार्वजनिक रूप से घोषित करना अनिवार्य है।

# पैसेंजर को पीटने वाले पायलट पर FIR

■ **पुलिस ने हिरासत में लिया; पीड़ित का दावा- नाक की हड्डी टूटी**



**नई दिल्ली.** दरअसल 19 दिसंबर को आरोपी ने एक यात्री के साथ मारपीट की थी जिसके बाद पीड़ित ने अपने साथ हुई घटना के कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे।

घटना के समय आरोपी ऑफ ड्यूटी था। वह उस दिन परिवार के साथ यात्रा कर रहा था। वहीं पैसेंजर अंकित ने दावा किया है कि CT स्कैन में उसकी नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आया है।

मारपीट की घटना के बाद सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया था।

### पीड़ित बोला- बेटी के सामने मुझे पीटा

पीड़ित अंकित ने पायलट पर आरोप लगाया था कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उसके साथ मारपीट की गई। सिर्फ इसलिए क्योंकि उसने कैप्टन वीरेंद्र को लाइन तोड़ने के लिए टोका था। पीड़ित ने कहा था कि उसकी 7 साल की बेटी के सामने उसे पीटा गया। वह अभी भी सदमे में है। अंकित ने कहा कि घटना के बाद उसकी छुट्टियां बर्बाद गईं। पायलट ने उसे अनपढ़ कहा और बदतमीजी भी की। पीड़ित ने दावा किया कि उसे लेटर लिखने के लिए मजबूर किया गया। दबाव बनाया गया कि वह उस मामले को आगे न

## संक्षेप...

### निजी अस्पताल में लगी आग, कोई घायल नहीं

**मुंबई.** ग्रांट रोड इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में सोमवार दोपहर आग लगी, जिसके बाद मरीजों, डॉक्टरों और कर्मचारियों समेत करीब 250 लोगों को एहतियातन बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि दोपहर 1.35 बजे भाटिया अस्पताल के सीटी-एमआरआई स्कैन यूनिट में आग लगी। दमकल विभाग के अनुसार, आग सीटी-एमआरआई यूनिट में लगी.

# शिवसेना और मनसे मिलकर लड़ेंगे BMC चुनाव!

- संजय राउत बोले- सीट बंटवारा पूरा; औपचारिक घोषणा बाकी
- नामांकन आज से, वोटिंग 15 जनवरी को



**मुंबई.** शिवसेना UBT के नेता संजय राउत ने दावा किया है कि उद्धव-राज का गठबंधन वास्तव में अस्तित्व में आ चुका है। दोनों दलों के कार्यकर्ता मुंबई समेत राज्य के कई हिस्सों में मिलकर काम करने लगे हैं। संजय राउत ने कहा कि सोमवार रात दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे पर अंतिम सहमति बन गई है।

संजय का कहना है कि अब केवल गठबंधन की औपचारिक घोषणा बाकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उद्धव-राज के बीच गठबंधन का ऐलान बुधवार दोपहर 12 बजे हो सकता है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (BMC) चुनावों के लिए शिवसेना (UBT) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के बीच दादर, सेवरी, विक्रोली और भांडुप इलाकों में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। यहां दोनों को ही जनता का समर्थन है।

महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। वोटिंग 15 जनवरी को होनी है। काउंटिंग 16 जनवरी को होगी।

### कांग्रेस से अलायंस कर सकते हैं अजित पवार

न्यूज एजेंसी PTI के सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने आगामी पुणे नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के साथ आने की संभावना पर बात की है। अजित ने रविवार रात कांग्रेस नेता सतेज पाटिल से फोन पर बात की और साथ चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा। इस पर पाटिल ने कहा कि वे इस मुद्दे पर पहले अपनी पार्टी के नेताओं से चर्चा करेंगे, इसके बाद ही कोई फैसला लेंगे।

## भिवंडी में बोले डीसीएम एकनाथ शिंदे

# विकास जरूरी लेकिन किसी पर अन्याय नहीं



**भिवंडी.** महाराष्ट्र प्रदेश उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भादवड़ नाका के पास एल एम टावर में निर्मित पूर्व सेना विधायक रुपेश म्हात्रे के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि, स्व.बाला साहेब ठाकरे का उदघोष था कि,समाजसेवा पहले बाद में राजकरण.


स्व.बाला साहेब ठाकरे के आदर्शों पर चलकर ही शिवसेना मजबूत हुई है.शिवसेनिकों को जनता की निरंतर सेवा करना चाहिए.जनसंपर्क कार्यालय से क्षेत्रीय लोगों का काम होने से भारी सहूलियत मिलेगी.उक्त अवसर पर शिवसेना थाने जिला संपर्क प्रमुख प्रकाश पाटिल,पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे,पूर्व पार्षद संजय म्हात्रे,अरुण पाटिल, क्षेत्रीय गणमान्य लोग सहित कल्याण रोड संघर्ष समिति पदाधिकारी उपस्थित थे.

### जनसंपर्क कार्यालय का किया उद्घाटन

गौरतलब हो कि,भादवड़ नाका स्थित एलएम टावर में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों से संवाद साधा .उन्होंने कहा कि,समाज सेवा जीवन आदर्शों के लिए बेहद जरूरी है .स्व . बालासाहेब ठाकरे ने सम्पन्न राष्ट्र की खातिर शिवसेनिकों को 80% समाजसेवा और 20% राजनीति किए जाने की सलाह दी है जिसका शतप्रतिशत अनुपालन शिवसैनिकों को करना चाहिए .उप मुख्यमंत्री शिंदे ने कल्याण मार्ग संघर्ष समिति पदाधिकारियों को सड़क विस्तारीकरण के ज्वलंत मुद्दे पर सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि,शहर का विकास जरूर होगा लेकिन विकास कार्य करते समय किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होने देंगे .सड़क विस्तारीकरण की हद में आने वाले मकानों,दुकानों का नियमों के तहत पुनर्वसन जरूर किया जाएगा .उप मुख्यमंत्री शिंदे के भिवंडी में दिए बयान से सड़क विस्तारीकरण में प्रभावित होने वाले लोगों में खुशी फैली है .

# पूर्व नगरसेविका तृप्ति भोईर भाजपा में शामिल

## टिटवाला के मनसे पदाधिकारियों ने बीजेपी में किया प्रवेश



**कल्याण.** निकाय चुनाव से पहले कल्याण-डोंबिवली में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। हाल ही में मनसे की महिला शहर अध्यक्ष कस्तूरी देसाई, पूर्व शहर अध्यक्ष कौस्तुभ देसाई ने शिवसेना तो पूर्व नगरसेविका मंदा पाटिल ने पार्टी को जय महाराष्ट्र कर भाजपा में प्रवेश किया था। इस झटके से पार्टी उभरी भी नहीं थी कि टिटवाला की पूर्व नगरसेविका तृप्ति भोईर ने मनसे को राम-राम कह दिया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मौजूदगी में तृप्ति भोईर ने भाजपा का दामन थामा। वहीं टिटवाला से मनसे के कुछ पदाधिकारी भी भाजपा में शामिल हुए।

बतादें कि रविवार को नगर पालिका और नगर परिषद चुनावों के नतीजे सामने आए जिसमें बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। अंबरनाथ और बदलापुर नगर परिषद भी बीजेपी के कब्जे में चली गई है। इस जीत के बाद डोंबिवली और कल्याण में भाजपा द्वारा कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का आयोजन हुआ। कल्याण के यशवंतराव चव्हाण मैदान (मैक्सी ग्राउंड) पर आयोजित सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने निकाय चुनाव में मिली जीत को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस सम्मेलन में एमएनएस की पूर्व नगरसेविका तृप्ति भोईर ने भाजपा में प्रवेश किया। वहीं भाजपा के टिटवाला मंडल अध्यक्ष शक्तिवान भोईर के नेतृत्व में मनसे के विभाग अध्यक्ष मधुकर भोईर, शाखा अध्यक्ष ज्ञानेश्वर भोईर और उनके सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मनसे को छोड़ भाजपा का कमल हाथ में लिया। प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।



**ठाणे।** राज्य चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार, मनपा मुख्यालय के पहले मंजिल पर स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग कमेटी के तहत एक 'मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष' बनाया गया है। इस कक्ष का आज चुनाव अधिकारी व आयुक्त सौरभ राव ने इंस्पेक्शन किया और इस कक्ष के ज़रिए किए जा रहे काम का रिव्यू किया। इस मौके पर अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे,उपायुक्त जी.जी. गोदापुरे,उपायुक्त व चुनाव अधिकारी उमेश बिरारी,उपायुक्त और नोडल अधिकारी मिताली संचेती मौजूद थे।


# मनशक्ति केंद्र ने 9वीं-10वीं कक्षा विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए फ्री गाइडेंस कैंप लगाया

**ठाणे.** मनशक्ति प्रयोद केंद्र लोनावाला ने 25 दिसंबर 2025 को ठाणे मनपा स्कूल, प्राइवेट एडेड और अनएडेड स्कूल के विद्यार्थियों,अभिभावकों और अध्यापकों के लिए 'फेसिंग द एग्जाम' टॉपिक पर एक फ्री गाइडेंस कैंप लगाया है।ठाणे मनपा स्कूल नंबर 19, विष्णुनगर, ठाणे में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक, दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक तीन सेशन में गाइडेंस दी जाएगी। जब कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों 'फेस द एग्जाम' करते हैं, तो विद्यार्थी और अभिभावक परीक्षा के स्ट्रेस, टाइम की कमी, मार्क्स की टेंशन, उम्मीदों के बोझ और लोग क्या कहेंगे, इस सोच से डिप्रेस्ड महसूस करते हैं। स्टूडेंट्स को इन सभी समस्या से उबरने में मदद करने के लिए यह फ्री गाइडेंस कैंप लगाया गया है।कैंप के लिए रजिस्टर करने का लिंक https://forms.gle/kMnjADmh6i4hk8AA6 है और एक QR कोड दिया जा रहा है। मनपा उपायुक्त सचिन सांगले ने अधिक से अधिक विद्यार्थी और अभिभावक से गाइडेंस कैंप में हिस्सा लेने की अपील की है।

# भाजपा की नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले की राह आसान नहीं

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव में शिवसेना शिंदे गट को बड़ा धक्का लगा है. गत 25 वर्षों से अंबरनाथ में शिवसेना की सत्ता थी. इस चुनाव में भाजपा ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है. शिवसेना के गढ़ में भाजपा ने सेंध मारा है. इस चुनाव में भाजपा एवं कांग्रेस की सीट बढ़ी है. कांग्रेस उम्मीदवार दर्शना उमेश पाटिल ने भाजपा की करुणा कृष्णा रसाल पाटिल को भारी वोटों से हराया है. दर्शना को 3876 वोटों के अंतर से जीत मिली है. ये जीत 59 नगरसेवकों में सबसे ज्यादा अंतर से जीती है. पूर्व कांग्रेस के

**कांग्रेस के दर्शना पाटिल ने करुणा रसाल को भारी वोटों से हराया**




नगरसेवक उमेश पाटिल ने गुलाल उड़ाकर, पटाखे फोड़कर कोहोजगांव, कमलाकर नगर में जश्न मनाया. इस चुनाव में उबाठा, मनसे और राकांपा (श.प.) को एक भी सीट नहीं मिली है. मशाल निशानी लेकर खड़ी नगराध्यक्ष की उम्मीदवार अंजलि राऊत को 4949 वोट मिले हैं. उबाठा के शहर के नेताओं एवं शहर पूर्व के अध्यक्ष अजित काले ने उनका प्रचार ही नहीं किया. उपरोक्त तीनों पक्ष उबाठा, मनसे का कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए अंबरनाथ नहीं आया. सबसे बड़ी बात ये रही कि शिवसेना के गढ़ खुंटवली में भाजपा की 3 उम्मीदवारों ने शिवसेना के 3 दिग्गज उम्मीदवारों को हराया और शिवसेना के गढ़ को भेद दिया. इस हार पर शिवसेना के नेताओं का बयान नहीं आया है. भाजपा की तेजश्री करंजुले नगराध्यक्षा बन गई है, लेकिन उनके लिए ये राह इतना आसान नहीं है क्योंकि उनके पास नगरसेवकों का बहुमत नहीं है. अगर कांग्रेस के 12 नगरसेवक भी उनको समर्थन देते हैं तो उनकी संख्या 26 हो जाती है जबकि पूरे बहुमत के लिए 30 नगरसेवक चाहिए. अब देखना है मपा में सभापति कौन से पक्ष के बनते हैं. शिवसेना के पास 27 नगरसेवक हैं. यह भी देखना होगा कि 2 निर्दलीय किसका समर्थन करते हैं.

# आल महाराष्ट्र उर्दू भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**भिवंडी.** रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज में आयोजित 66 वीं आल महाराष्ट्र अंतर-विद्यालयीन उर्दू भाषण प्रतियोगिता शैक्षणिक गरिमा के साथ आयोजित की गई. मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ख़्वाजा गुलामुसय्यदैन रब्बानी,विशेष अतिथि के रूप में प्रो मोईन डोन, डॉ शेख एहरार आज़मी और गुलाम आरिफ खान तथा केएमई सोसायटी पदाधिकारी एवं सदसयगण उपस्थित थे.

रईस हाईस्कूल के चेयरमैन यासर तातली ने अतिथियों का परिचय सहित स्वागत किया.भाषण प्रतियोगिता में मुंबई, ठाणे, मुंब्रा, कल्याण, नासिक, मालेगांव, कोल्हापुर, इचलकरंजी, नांदेड़, रायगढ़ एवं राज्य भर से आए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने तार्किक, उद्देश्यपूर्ण और विचारोत्तेजक भाषणों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. भाषण प्रतियोगिता में कुल 47 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. मुकाबले में इचलकरंजी स्थित डॉक्टर अल्लामा इक़बाल उर्दू हाई स्कूल की छात्रा इशरत अजहरुद्दीन मुल्ला ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. द्वितीय पुरस्कार उर्दू हाईस्कूल इचलकरंजी की छात्रा आफ़िया आदम अरब को मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार स्विस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज, मालेगांव के मोहम्मद मुसअब़ शेख़ अकील ने हासिल किया. चतुर्थ पुरस्कार अंसारी मुनीबा एजाज़ अहमद (डॉ. पीर मोहम्मद रहमानी गर्ल्स हाई स्कूल, मालेगांव) तथा पांचवां इनाम मोहम्मद उमर इरफ़ान मोमिन (नेशनल उर्दू हाई स्कूल, धुले) को प्रदान किया गया. पुरस्कारों के अलावा पाँच प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए.विशेष सम्मानों में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का ख़िताब मोहम्मद मुसअब़ शेख़ अकील को और सर्वश्रेष्ठ वक्तृका का सम्मान अंसारी आमिना मुहम्मद तारिक को प्राप्त हुआ. सर्वश्रेष्ठ भाषण लेखक का पुरस्कार इब्राहीम फ़ैज़ (डॉ.अल्लामा इक़बाल उर्दू हाई स्कूल,इचलकरंजी)के शिक्षक को दिया गया.

समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात ग्रंथ प्रेमी और भारतीय पुरातत्व विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. ख़्वाजा ग़ुलाम सैय्यदैन रब्बानी ने भिवंडी को उर्दू भाषा की परवरिश करने वाला शहर बताते हुए कहा कि उर्दू हमारी सांस्कृतिक पहचान और अमूल्य विरासत है. इसकी विशेषता,शैली और प्रभावशीलता की रक्षा करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है, ताकि समाज में हमारी भाषाई पहचान बनी रहे.

# पुलिस ने हत्या आरोपी को किया गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस ने सड़क पर एक आदमी की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी विक्की कोठनकर को गिरफ्तार कर कानून का खौफ पैदा कर दिया है। सोमवार सुबह कैंप नंबर 4 के संभाजी चौक से कोठनकर को गिरफ्तार करने पर नागरिकों ने इस कार्रवाई की सराहना की।

कुछ दिन पहले उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 के संभाजी चौक इलाके में वीर तानाजी नगर के रहने वाले रंजीत गायकवाड़ पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। सिर पर चोट लगने से उसकी हालत नाजुक थी। प्राथमिक इलाज के बाद उसे तुरंत मुंबई के जे. जे. अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद शहर में डर और गुस्से का माहौल फैल गया। पुलिस ने तुरंत जांच तेज की और मुख्य आरोपी विक्की कोठनकर को विट्ठलवाड़ी बस डिपो इलाके से गिरफ्तार कर लिया। क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम ने यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली और पुलिस निरीक्षक चंद्रहार गोडसे के मार्गदर्शन में की। इस बीच, समाज में कानून का डर पैदा करने और आपराधिक प्रवृत्तियों पर रोक लगाने के साफ मकसद से सोमवार सुबह संभाजी चौक से आरोपी का जुलूस निकाला गया।

# KBC के सेट पर रो पड़ीं अनन्या पांडे

- अमिताभ बच्चन से अपनी एक्टिंग की तारीफ सुन इमोशनल हुईं एक्ट्रेस

हाल ही में अनन्या पांडे अपने को स्टार कार्तिक आर्यन के साथ कौन बनेगा करोड़पति शो में शामिल हुई थीं। यहां पर दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'तू मेरा मैं तेरी मैं तेरी तू मेरा' को प्रमोट करने पहुंचे थे। एपिसोड के दौरान होस्ट अमिताभ बच्चन ने अनन्या की पिछली फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा की, जिससे अनन्या इमोशनल हो गईं। अनन्या ने इस क्लिप को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा- 'किसी भी एक्टर के जीवन का सबसे बड़ा पल। अमित जी, मैं आपके शब्दों को हमेशा संजो कर रखूंगी।'

अमिताभ ने अनन्या की तारीफ में कहा- 'इनकी एक फिल्म थी, केसरी चैप्टर 2, जिसमें इन्होंने काम किया था। उसमें बहुत बड़े-बड़े कलाकार हैं और सबने बहुत अच्छा काम किया।

इनके लिए मैं केसरी चैप्टर 2 के बारे में कहूंगा कि इतने बड़े-बड़े कलाकारों के साथ रहकर भी अनन्या ने बहुत खूबी से अपना रोल निभाया।'

बिग बी आगे कहते हैं-'इनको ज्यादा बोलना नहीं था। लेकिन इन्होंने अपनी आंखों और लुक से सब कुछ अच्छे से जाहिर किया। वो क्या है, हम सब एक ही प्रोफेशन में हैं और हम लोगों को 3 महीने पता चल जाता है कि हमारा रोल क्या है। हमारा डायलॉग क्या है। लेकिन जब शूटिंग हो रही है तब ऑडियंस को लगना चाहिए कि ये अवसर हमारे साथ पहली बार हुआ है और हम पहली बार बोलने जा रहे हैं।



# SST कॉलेज का अंतरमहाविद्यालयीन 'स्पार्कलर्स' में धमाल


- चार प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान





**उल्हासनगर.** डोंबिवली स्थित एस.आई.ए. कॉलेज द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन 'स्पार्कलर्स' सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उल्हासनगर के एस.एस.टी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए चार प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मेहंदी प्रतियोगिता में खुशी सुर्वे, सोलो डांस में साक्षी नाइक, जबकि लोकनृत्य और वेस्टर्न डांस—दोनों श्रेणियों में एसएसटी कॉलेज के 'डांस मैनिया' ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उल्हासनगर, ठाणे और आसपास के क्षेत्रों के कई महाविद्यालयों की सहभागिता वाली इस अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता में एसएसटी के विद्यार्थियों ने मेहंदी के माध्यम से सृजनशीलता, लोकनृत्य से सांस्कृतिक विरासत, वेस्टर्न डांस से आधुनिक ऊर्जा तथा सोलो डांस से व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस सफलता के पीछे महाविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग का मार्गदर्शन और विद्यार्थियों का निरंतर अभ्यास महत्वपूर्ण रहा। महाविद्यालय की ओर से विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगे की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985




www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

# टैंकर की टक्कर में बाइक सवार महिला की मौत

- बेटा गंभीर रूप से घायल, ड्राइवर गिरफ्तार

**अंबरनाथ.** कल्याण-कर्जत हाईवे पर रविवार शाम एक टैंकर और टू-व्हीलर का भयानक एक्सीडेंट हो गया। अंबरनाथ वेस्ट के नवीन भिंडी पाड़ा इलाके में हुए इस एक्सीडेंट में 62 साल की महिला की मौके पर ही मौत हो गई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। अंबरनाथ पुलिस ने इस मामले में टैंकर ड्राइवर को हिरासत में लिया है.

कल्याण के रहने वाले चांद मुस्तफा खान अपनी मां मुमताज बेगम खान (62) के साथ टू-व्हीलर पर कल्याण की ओर जा रहे थे। जब वे नवीन भेंडी पाड़ा इलाके में पहुंचे, तो एक तेज रफ्तार टैंकर ने उनके टू-व्हीलर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुमताज बेगम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चांद मुस्तफा खान गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सीडेंट के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर अंबरनाथ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल लड़के को इलाज के लिए एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जबकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी हॉस्पिटल भेज दिया गया।

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती निर्मला वाशदेव केवलरामाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री वाशदेव मज्नोमल केवरामाणी का देहांत 17 मार्च 2021 को हो गया है. उनके नाम पर माइस्ट्रो नं. एमएच05 बीडब्ल्यू 6082 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा माइस्ट्रो नं. एमएच05 बीडब्ल्यू 6082 मेरे श्रीमती निर्मला वाशदेव केवलरामाणी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती निर्मला वाशदेव केवलरामाणी**
कृष्णा विला, ब्लाक नं. सी-649/1298,
शिवमाला अपार्टमेंट के सामने, उल्हासनगर-4

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099